The latest action by the NHRC marks a significant stage in the proceedings. The Commission's intervention has brought renewed attention to questions concerning the transfer of a child between institutional facilities, the circumstances surrounding her death, the handling of medical and investigative records, institutional

accountability, regulatory oversight, and the obligations of public authorities to respond to human rights inquiries. The forthcoming reports from the district administrations, or their appearance before the Commission, may play a crucial role in determining the future course of the case and addressing concerns surrounding the death of a minor girl who was under institutional care.

Source: https://indiaeducationdiary.in/nhrc-india-holds-statutory-full-commission-meeting-in-new-delhi/

NHRC, India holds Statutory Full Commission Meeting in New Delhi
By iednewsdesk September 23, 2026

The National Human Rights Commission (NHRC), India, organised a Statutory Full Commission meeting with representatives of all seven deemed members of the Commission in New Delhi today. The meeting aimed to enhance synergy and cooperation among the Commissions for the promotion and protection of human rights.
DownloadInteractive Maps

Chairing the meeting, Justice Shri V. Ramasubramanian, Chairperson, NHRC, India, emphasised the importance of collaborative functioning among the Commissions. He said that the Chairpersons of all the National Commissions are ex-officio Members of the NHRC and, therefore, are part of it. He said that together, the Commissions can undertake meaningful work for promoting and protecting the human rights of various sections of society.

Justice Ramasubramanian suggested appointing a Nodal Officer to coordinate among all the National Commissions. He said that the NHRC may explore extending support to other Commissions if lacking in machinery in the investigation of cases. In his concluding remarks, he also shared the concern over the lack of rehabilitation measures for mentally ill women engaged in begging, which requires attention. He noted that there is a sizeable population of persons with disabilities (PwDs) worldwide and stressed the need to examine policies intended for their welfare and identify gaps. The NHRC, India Chairperson expressed concern over the lack of social security for PwDs and the denial of insurance coverage by insurance companies. He also appreciated the suggestion for interfaith dialogue and coordinated research, particularly in overlapping areas.
DownloadInteractive Maps

The meeting discussed issues including an integrated approach towards protecting the rights of vulnerable and marginalised sections, identification of key areas for collaborative efforts, sharing of best practices and minimising duplication of cases. The participants emphasised the need for joint fact-finding efforts, research, awareness campaigns and outreach programmes.

Smt. Vijaya K. Rahatkar, Chairperson, National Commission for Women (NCW), highlighted the work of the NCW towards promoting and protecting women’s rights and various programmes, including public hearings organised in different districts to hear their complaints. She said that, besides handling complaints, the NCW also focuses on research, awareness and outreach training programmes for the welfare of women. She added that the NCW has been organising anti-human trafficking campaigns in collaboration with Central Armed Police Forces and holding dialogues with youth on POSH, POCSO and cybercrime-related issues in collaboration with different institutions.

Smt. Kiran Umesh Mahalle, Member, National Commission for Backward Classes (NCBC), spoke about the problems faced by the beggar community, particularly those suffering from mental health issues. She expressed concern over mentally ill women being left by their families to beg on the roads. She suggested that the National Commissions may consider formulating a policy for their rehabilitation and recommending its implementation to the Government.

Shri S. Govindraj, Commissioner for Persons with Disabilities (CCPD) said that the CCPD has been focusing on reaching those who have remained unreached. He stressed the need for research into gaps in welfare measures for persons with disabilities, who he described as among the most vulnerable populations facing discrimination.

Dr. Sanjeev Sharma, Member Secretary, National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR), highlighted the NCPCR's work on rescue and rehabilitation of children in a campaign mode. He said that over 8,000 children have been rescued and rehabilitated. He also underscored the need for capacity building and training. He said that the circulation of child sexual abuse material on social media platforms requires immediate attention. He suggested joint investigations and joint bench sittings of Statutory Commission members, besides strengthening State Commissions.

Shri Vivek Kumar Dewangan, Secretary, National Commission for Scheduled Castes (NCSC), said that the NCSC has set up an e-grievance monitoring portal, which has resulted in quicker redressal of grievances. He emphasised better coordination among the Statutory Commission members, collaboration on capacity building and awareness in educational institutions, joint studies on socio-economic indicators and joint action plans with measurable objectives.

Shri Suchindra Misra, Secretary, National Commission for Minorities (NCM), highlighted the importance of electronic grievance redressal systems and capacity building with support from the NHRC. He also stressed coordination with States to establish State Minority Commissions, noting that only 18 States have such Commissions so far. He further underscored the significance of coordinated research and complaint redressal, besides holding interfaith dialogues.

Shri Manohar N. Sukole, Deputy Secretary, National Commission for Scheduled Tribes (NCST), highlighting the importance of registering of suomotu cases besides the need for establishing grievance redressal platforms with real time tracking provisions and early warning systems identifying the recurring issues and overlapping matters requiring a more integrated approach among Statutory Commission Members.

Justice (Dr.) Bidyut Ranjan Sarangi, Member, NHRC, India said that the endeavour should be to work together to ensure that benefits reach the grassroots level. He said that while the Statutory Commission members work in different fields, their purpose is the same. He observed that SOPs can be effective if implemented properly and emphasised the need for adequate staff and infrastructure for all the Commissions to achieve their objectives.
DownloadInteractive Maps

Dr. Anupama Nilekar Chandra, DG (Inv) NHRC, India said that the Commission will be organising a training programme for investigation officers on the last Wednesday of each month beginning 30th September 2026. It will be further expanded over the course of time.

Earlier, setting the agenda for the meeting, Shri Piyush Goyal, Secretary General, NHRC, India, gave an overview of the country's unique institutional human rights protection framework. He emphasised that interactions among these institutions are useful in forming synergy and cooperation between different Commissions to protect the rights of vulnerable and disadvantaged communities including bonded labours, older persons and manual scavengers. The interactions can also help in paving the way forward for capacity building and sharing of best practices.

Shri Samir Kumar, Joint Secretary, NHRC, India, summarised the activities undertaken by the Commission over the last year.

The meeting concluded with a renewed commitment to collaborative efforts among the Commissions for the promotion and protection of human rights in India.

Source: https://maktoobmedia.com/post?id=116519&slug=women-are-being-hunted-kuki-zo-forum-urges-nhrc-to-act-over-killings-in-manipur

“Women are being hunted”: Kuki-Zo forum urges NHRC to act over killings in Manipur
Published: 11 hours ago

The Kuki-Zo Women’s Forum Delhi and NCR (KZWFD) has written to National Human Rights Commission (NHRC) chairperson Justice V. Ramasubramanian, seeking immediate intervention over continuing killings and human rights violations against Kuki-Zo women and unarmed civilians in Manipur.

In a memorandum to the NHRC chairperson, KZWFD convenor Chong Haokip, co-convenor Lamneilhing Haokip and media in-charge Kim Haokip sought an impartial central investigation into the killings and comprehensive measures to protect human rights.

It asked the NHRC to forward representations to the Union Ministry of Home Affairs seeking consideration of President’s Rule under Article 356 and a Union Territory with a legislature under Article 239A as possible constitutional and administrative measures to restore peace.

“We, the Kuki-Zo Women’s Forum, Delhi & NCR (KZWFD), submit this complaint with the gravest urgency to draw the Commission’s immediate intervention under Section 12 of the Protection of Human Rights Act, 1993, regarding the complete collapse of state governance and gross human rights violations in Manipur,” the memorandum said.

The forum alleged that the ethnic conflict that began on 3 May 2023 had entered “a lethal new phase”, with Kuki-Zo villages in border regions and Naga-majority districts being targeted by Manipuri Naga factional armed groups, including NSCN-IM and its proxy ZUF-K.

This comes after two Kuki-Zo women were killed on September 15 in a suspected militant attack in Manipur’s Tamenglong district.

The victims have been identified as 70-year-old Chonga Sitlhou and 28-year-old Kimneo Singson.

“Unarmed civilians, mothers, nurses, and pregnant women are being hunted in their homes, fields, and village paths,” the memorandum said.

According to community records cited by the forum, 27 Kuki-Zo civilians have been killed so far, including eight women. The forum said two of the women were pregnant and that the killings resulted in the deaths of two unborn infants. It also said young children had been wounded and orphaned.

The eight women identified by the forum are Tinmary Haokip (7 months pregnant), Tingneichin Lhouvum, Hoineineng Lhoujem, Lhingzangai Singsit, Julie Singson (2 months pregnant), Phalneichong Sitlhou (76), and Kimjalhing Singson (28, nurse). The forum alleged that they were executed in their homes and agricultural fields by Naga Factional Armed Groups (NSCN-IM & ZUF-K) between June and September 2026.

The forum also said the attacks resulted in the deaths of two unborn infants carried by Haokip and Singson. It said young Henminsang was wounded in a gunshot incident and that multiple surviving children had been orphaned.

Seeking accountability from the authorities, the forum asked the NHRC to direct the Ministry of Home Affairs, the Manipur government and the state Director General of Police to submit action-taken reports within seven days on FIRs, arrests and security measures taken regarding the alleged killings.

The forum claimed that geographical isolation, blockades and inadequate medical infrastructure have deprived vulnerable Kuki-Zo settlements in areas including Tamenglong, Noney, Kangpokpi and Churachandpur of timely emergency medical care.

“Injured civilians, pregnant women and other patients have faced difficulties reaching major medical facilities in Imphal and have had to travel to hospitals in neighbouring states, including Assam,” the forum said.

The forum urged the NHRC to direct authorities to provide compensation, medical rehabilitation and long-term protection to children who, it alleged, have been orphaned or otherwise affected by the violence. The forum also sought a review of the status and alleged ground-rule violations of Naga insurgent groups covered by ceasefire or cessation-of-operations arrangements.

Source: https://samridhjharkhand.com/2026/09/23/dhanbad-benidih-cisf-firing-investigation-human-rights-commission/

Dhanbad News: मानवाधिकार आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग ने अधिकारियों और परिजनों से की पूछताछ
Author Samridh Media Desk
UPDATED: WED, 23 SEP 2026 04:14 PM (IST)

धनबाद: बाघमारा थाना क्षेत्र के बेनीडीह रेल साइडिंग में वर्ष 2022 में हुई फायरिंग का मामला एक बार फिर चर्चा में है। घटना की जांच के सिलसिले में दिल्ली मानवाधिकार आयोग की टीम धनबाद पहुंची है। टीम के साथ दिल्ली मानवाधिकार आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग भी मौजूद हैं। टीम बीसीसीएल एरिया वन के हरिणा गेस्ट हाउस में घटना से जुड़े अधिकारियों और मृतकों के परिजनों से पूछताछ कर रही है।

19 और 20 नवंबर 2022 की दरम्यानी रात बेनीडीह रेल साइडिंग में सीआईएसएफ और कथित ग्रामीण कोयला चोरों के बीच कथित मुठभेड़ के दौरान फायरिंग हुई थी। इस दौरान चार ग्रामीणों—प्रीतम चौहान, शहजादा खान उर्फ जलाउद्दीन, अताउल्ला अंसारी और शमीम अंसारी—की गोली लगने से मौत हो गई थी। वहीं बादल रवानी और रमेश रविदास के घायल होने की भी बात सामने आई थी।

घटना के बाद फायरिंग की परिस्थितियों को लेकर दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग दावे सामने आए थे। सीआईएसएफ की ओर से कहा गया था कि जवानों पर हमले की स्थिति में आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी। वहीं मृतकों के परिजनों ने फायरिंग की परिस्थितियों और कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

मृतक प्रीतम चौहान की पत्नी सोनिया देवी ने भी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मामले की जांच का अनुरोध किया था। उनकी शिकायत में घटना की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की गई थी।

इसी मामले में अब दिल्ली मानवाधिकार आयोग की टीम धनबाद पहुंची है। टीम ने घटना से जुड़े तत्कालीन पुलिस अधिकारियों और मृतकों के परिजनों को पूछताछ के लिए बुलाया है।

धनबाद पहुंचे दिल्ली मानवाधिकार आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग के नेतृत्व में टीम के साथ ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, बाघमारा एसडीपीओ अजित कुमार विमल और बाघमारा थाना प्रभारी अजित कुमार भी मौजूद रहे।

टीम ने मामले के तत्कालीन केस आईओ और कतरास के तत्कालीन थाना प्रभारी रणधीर सिंह, बाघमारा के तत्कालीन थाना प्रभारी सूबेदार यादव, एसआई शरत कुमार समेत घटना से जुड़े अन्य लोगों और मृतकों के परिजनों को पूछताछ के लिए बुलाया है।

बीसीसीएल एरिया वन के हरिणा गेस्ट हाउस में टीम सभी संबंधित लोगों से घटना की जानकारी ले रही है। पूछताछ के दौरान 2022 की फायरिंग की परिस्थितियों, पुलिस कार्रवाई और घटना से जुड़े तथ्यों को समझने का प्रयास किया जा रहा है।

Source: https://lagatar.in/dhanbad-news-human-rights-commission-team-arrives-in-dhanbad-to-investigate-the-benidih-shooting-incident

Dhanbad News : बेनीडीह गोलीकांड की जांच को धनबाद पहुंची मानवाधिकार आयोग की टीम
By Lagatar News
Last Updated: Sep 23, 2026 05:38 PM (IST)

Dhanbad News: मानवाधिकार आयोग की टीम की अगुवाई आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग कर रहे हैं. टीम बीसीसीएल एरिया वन के हरिणा स्थित गेस्ट हाउस में घटना के समय तैनात रहे पुलिस अफसरों और पीड़ित परिवारों से गहन पूछताछ कर रही है.

Dhanbad News : धनबाद जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के बेनीडीह रेलवे साइडिंग में वर्ष 2022 में हुए चर्चित गोलीकांड की फाइलें एक बार फिर खुल गई हैं. इस गोली कांड में चार ग्रामीणों की मौत हुई थी. मामले की जांच के लिए दिल्ली से मानवाधिकार आयोग की उच्चस्तरीय टीम बुधवार को धनबाद पहुंची.

टीम की अगुवाई आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग कर रहे हैं. टीम बीसीसीएल एरिया वन के हरिणा स्थित गेस्ट हाउस में घटना के समय तैनात रहे पुलिस अफसरों और पीड़ित परिवारों से गहन पूछताछ कर रही है.

दिल्ली से आई आयोग की टीम के साथ धनबाद के ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब, बाघमारा एसडीपीओ अजीत कुमार विमल और थाना प्रभारी अजीत कुमार भी हैं. टीम ने घटना के समय जिम्मेदारी संभाल रहे पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को समन भेजकर हरिणा गेस्ट हाउस बुलाया. इनमें केस के आईओ सह कतरास के तत्कालीन थाना प्रभारी रणधीर सिंह, बाघमारा के तत्कालीन थाना प्रभारी सूबेदार यादव व SI शरत कुमार शामिल हैं.

यह है पूरा मामला
19 व 20 नवंबर 2022 की दरम्यानी रात बेनीडीह रेलवे साइडिंग में CISF जवानों व कोयला चोरी (कथित) के लिए पहुंचे ग्रामीणों के बीच मुठभेड़ हुई थी. इस दौरान हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में चार ग्रामीण प्रीतम चौहान, शहजादा खान उर्फ जलाउद्दीन, अताउल्ला अंसारी व शमीम अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई थी. वहीं बादल रवानी व रमेश रविदास गंभीर रूप से घायल हुए थे.

घटना के बाद से ही दोनों पक्षों के दावों में भारी विरोधाभास रहा है.सीआईएसएफ के अनुसार, जवानों पर जानलेवा हमला किया गया था. इसके जवाब में उन्हें आत्मरक्षा में मजबूरन गोली चलानी पड़ी थी. वहीं, पीड़िच परिजनों ने सीआईएसएफ के दावों को खारिज करते हुए इसे एकतरफा कार्रवाई बताया था. मृतक प्रीतम चौहान की पत्नी सोनिया देवी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी.

Source: https://zeenews.india.com/hindi/india/jharkhand/dhanbad-benidih-firing-case-file-reopened-delhi-human-rights-commission-team-arrives-for-investigation/3304323

झारखंड न्यूज़

धनबाद: फिर खोली गई बेनिडीह फायरिंग मामले की फाइल, जांच के लिए पहुंची दिल्ली मानवाधिकार आयोग की टीम

बेनिडीह फायरिंग मामले की फाइल फिर से खोली गई है. दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक टीम धनबाद पहुंची है. 2022 में CISF की फायरिंग में चार ग्रामीणों की मौत हो गई थी. यह टीम मृतकों के परिवारों के साथ-साथ उस समय इंचार्ज रहे पुलिस अधिकारियों से भी पूछताछ करेगी.

Reported By Zee Bihar-Jharkhand Web Team
Edited By Ranjana Dubey
Published: Sep 23, 2026, 03:38 PM IST
|Updated: Sep 23, 2026, 03:38 PM IST

धनबाद के बाघमारा थाना क्षेत्र के बेनीडीह रेल साइडिंग में साल 2022 में हुई फायरिंग का मामला एक बार फिर से चर्चाओं में है. जांच के सिलसिले में दिल्ली मानवाधिकार आयोग की टीम धनबाद पहुंची है. टीम के साथ दिल्ली मानवाधिकार आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग भी मौजूद हैं. टीम BCCL एरिया वन के हरिणा गेस्ट हाउस में घटना से जुड़े अधिकारियों और मृतकों के परिजनों से पूछताछ कर रही है.

19 और 20 नवंबर 2022 की दरम्यानी रात बेनीडीह रेल साइडिंग में सीआईएसएफ और कथित ग्रामीण कोयला चोरों के बीच कथित मुठभेड़ के दौरान फायरिंग हुई थी. इस दौरान चार ग्रामीण- प्रीतम चौहान, शहजादा खान उर्फ जलाउद्दीन, अताउल्ला अंसारी और शमीम अंसारी की गोली लगने से मौत हो गई थी.

दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग दावे
वहीं, बादल रवानी और रमेश रविदास के घायल होने की भी बात सामने आई थी. घटना के बाद फायरिंग की परिस्थितियों को लेकर दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग दावे सामने आए थे. CISF की ओर से कहा गया था कि जवानों पर हमले की स्थिति में आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी. वहीं, मृतकों के परिजनों ने फायरिंग की परिस्थितियों और कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी.

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से जांच की मांग
मृतक प्रीतम चौहान की पत्नी सोनिया देवी ने भी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मामले की जांच का अनुरोध किया था. उनकी शिकायत में घटना की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की गई थी. इसी मामले में अब दिल्ली मानवाधिकार आयोग की टीम धनबाद पहुंची है. टीम ने घटना से जुड़े तत्कालीन पुलिस अधिकारियों और मृतकों के परिजनों को पूछताछ के लिए बुलाया है.

धनबाद पहुंचे दिल्ली मानवाधिकार आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग के नेतृत्व में टीम के साथ ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, बाघमारा एसडीपीओ अजित कुमार विमल और बाघमारा थाना प्रभारी अजित कुमार भी मौजूद रहे.

घटना से जुड़े तथ्यों को समझने की कोशिश जारी
टीम ने मामले के तत्कालीन केस आईओ और कतरास के तत्कालीन थाना प्रभारी रणधीर सिंह, बाघमारा के तत्कालीन थाना प्रभारी सूबेदार यादव, एसआई शरत कुमार समेत घटना से जुड़े अन्य लोगों और मृतकों के परिजनों को पूछताछ के लिए बुलाया है. बीसीसीएल एरिया वन के हरिणा गेस्ट हाउस में टीम सभी संबंधित लोगों से घटना की जानकारी ले रही है. पूछताछ के दौरान 2022 की फायरिंग की परिस्थितियों, पुलिस कार्रवाई और घटना से जुड़े तथ्यों को समझने का प्रयास किया जा रहा है.

सवाल अब भी जांच के दायरे में

बेनीडीह फायरिंग कांड को करीब चार साल बीत चुके हैं, लेकिन घटना को लेकर उठे सवाल अब भी जांच के दायरे में हैं. दिल्ली मानवाधिकार आयोग की टीम की पूछताछ से 2022 की उस रात हुई फायरिंग से जुड़े कई तथ्यों पर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है.

रिपोर्ट: नितेश कुमार मिश्रा

Source: https://www.livehindustan.com/national/story-nhrc-investigates-shooting-incident-in-beni-dih-bccl-block-two-201790194524152.amp.html

चार साल बाद खुली बेनीडीह गोलीकांड की फाइल
Sep 24, 2026 01:45 am IST
By Hindustan | Bureau
हिन्दुस्तान, धनबाद

बीसीसीएल ब्लॉक-दो क्षेत्र के बेनीडीह साइडिंग में 19 नवंबर 2022 को हुई गोलीकांड की जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम बाघमारा पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों और स्वतंत्र गवाहों से पूछताछ की। चार लोगों की मौत और दो गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिसके आरोप सीआईएसएफ पर लगाए गए।

बीसीसीएल ब्लॉक-दो क्षेत्र के बेनीडीह साइडिंग में 19 नवंबर 2022 की रात हुए गोलीकांड की जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की तीन सदस्यीय टीम बुधवार को बाघमारा पहुंची। टीम ने पहले घटनास्थल का निरीक्षण कर सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस से तथ्यों की जानकारी ली। इसके बाद ब्लॉक-दो एक्सपर्ट गेस्ट हाउस में पीड़ित परिवारों, स्वतंत्र गवाहों और तत्कालीन पुलिस-प्रशासन से जुड़े लोगों से पूछताछ की। पीड़ित परिवारों की शिकायत पर आयोग ने मामले का संज्ञान लिया है। डीआईजी गौरव गर्ग के नेतृत्व वाली टीम में डीएसपी दुष्यंत सिंह और इंस्पेक्टर यतिप्रकाश शर्मा शामिल थे। बेनीडीह साइडिंग में तथाकथित कोयला चोरों और सीआईएसएफ के बीच विवाद के बाद हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत और दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे॰

घटना की जानकारी
आयोग के समक्ष नोटिस पर बुलाए गए चार स्वतंत्र गवाहों ने घटना की जानकारी होने से इनकार किया। इस पर टीम ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए आपत्ति दर्ज की। मृतक जलालुद्दीन खान, प्रीतम नोनिया, अता उल्लाह अंसारी उर्फ अतुल अंसारी व शमीम अंसारी के परिजनों ने भी अपनी बात रखी। मृतक प्रीतम चौहान की पत्नी सोनिया देवी ने पति को दिहाड़ी मजदूर बताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें सीआईएसएफ जवानों ने रात में फर्जी मुठभेड़ में मार दिया। रोजिया खातून, उम्मे कुलसुम और सकीना खातून ने भी न्याय की मांग रखी। दोपहर 12 बजे से शाम 5:30 बजे तक टीम ने मामले से जुड़े लोगों से जानकारी ली। मौके पर धनबाद ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, बाघमारा डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ गिरिजानंद किस्कू, अनुसंधानकर्ता समेत अन्य पुलिस व कोयला अधिकारी मौजूद थे।

Source: https://www.livehindustan.com/national/story-nhrc-investigates-bccl-block-ii-shooting-incident-201790159536059.amp.html

गोलीकांड की जांच के लिए पहुंची एनएचआरसी की टीम, सीआईएसएफ और पीड़ितों से ली जानकारी
Sep 23, 2026 04:02 pm IST
By Hindustan | Bureau
हिन्दुस्तान, धनबाद

बाघमारा, प्रतिनिधि। बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र स्थित रेलवे मेन लिंक साइडिंग में करीब दो वर्ष

बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र स्थित रेलवे मेन लिंक साइडिंग में करीब दो वर्ष पूर्व हुए चर्चित गोलीकांड की जांच के लिए बुधवार सुबह दस बजे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम मौके पर पहुंची। आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग के नेतृत्व में पहुंची टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और वारदात के वक्त तैनात सीआईएसएफ अधिकारियों व जवानों से सिलसिलेवार जानकारी ली।

घटनास्थल का मुआयना
स्पॉट इंक्वायरी पूरी करने के बाद जांच दल बीसीसीएल के एक्सपेट गेस्ट हाउस पहुंचा। वहां टीम ने पीड़ित पक्ष, स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से अलग-अलग बातचीत कर बयान दर्ज किए। मामले से जुड़े कांड संख्या 65/2022 के तहत सभी संबंधित पक्षों को आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के लिए पहले ही नोटिस जारी किया गया था।

गोलीकांड का विवरण
गौरतलब है कि 19 नवंबर 2022 की देर रात मेन लिंक साइडिंग में कथित तौर पर कोयला चोरी की नीयत से पहुंचे बाइक सवार युवकों और सीआईएसएफ की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) के बीच हिंसक टकराव हुआ था। इस दौरान हुई गोलीबारी में चार युवकों—जलालुद्दीन खान, प्रीतम नोनिया, अता उल्लाह अंसारी उर्फ अतुल अंसारी और शमीम अंसारी की मौत हो गई थी। वहीं गोली लगने से गंभीर रूप से घायल रमेश रविदास और बादल रवानी का विभिन्न अस्पतालों में महीनों इलाज चला था। इसी मामले में मानवाधिकार आयोग की टीम विस्तृत जांच कर रही है।

Source: https://lalluram.com/benidih-encounter-nhrc-steps-in-regarding-the-deaths-of-four-youths-investigation-team-arrives-in-dhanbad-questioning-to-range-from-family-members-to-cisf-personnel/

टीम, परिजनों से लेकर CISF जवानों तक से होगी पूछताछ
Vinita 23 Sep 2026, 10:03 AM झारखंड

धनबाद। बीसीसीएल की बेनीडीह परियोजना में सितंबर 2022 में सीआईएसएफ के साथ हुई मुठभेड़ में चार युवकों की मौत के चर्चित मामले की जांच अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) करेगा। करीब चार साल पुराने इस मामले की विस्तृत जांच के लिए आयोग की टीम 22 सितंबर को धनबाद पहुंच रही है। टीम घटना से जुड़े मृतकों के परिजनों, घायलों, प्रत्यक्षदर्शियों और तत्कालीन प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पूछताछ करेगी।

इस मामले में बाघमारा थाना में 20 नवंबर 2022 को केस दर्ज किया गया था। अब NHRC की जांच में घटना से पहले की परिस्थितियों से लेकर मुठभेड़ और उसके बाद हुई कार्रवाई तक की पूरी कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

DIG रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में जांच
जांच टीम में डीआईजी रैंक के आईपीएस अधिकारी गौरव गर्ग और डिप्टी एसपी दुष्यंत सिंह शामिल हैं। टीम घटना से जुड़े लोगों के बयान दर्ज करने के साथ उपलब्ध दस्तावेजों और तथ्यों की भी पड़ताल करेगी।

जांच के दौरान यदि किसी स्तर पर गंभीर लापरवाही, नियमों की अनदेखी या प्रक्रिया में गड़बड़ी के प्रमाण सामने आते हैं, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मियों की भूमिका की भी जांच की जा सकती है। हालांकि, किसी व्यक्ति की जिम्मेदारी या दोष जांच के निष्कर्ष और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही तय होगा।

दो अलग-अलग सूचियां तैयार
NHRC की पूछताछ के लिए दो अलग-अलग सूचियां तैयार की गई हैं। पहली सूची में घटना से प्रभावित नागरिकों और दूसरे पक्ष में तत्कालीन प्रशासनिक-पुलिस अधिकारियों तथा मुठभेड़ में शामिल CISF जवानों को रखा गया है।

पहली सूची में मृतकों के परिजन, घायलों के परिजन, प्रत्यक्षदर्शी, घटना से जुड़े वाहन चालक और मामले के शिकायतकर्ता शामिल हैं।

चारों मृतकों के परिजनों से होगी पूछताछ
जांच टीम मुठभेड़ में मारे गए चार युवकों के परिजनों से भी पूछताछ करेगी। उनसे घटना से पहले और बाद की परिस्थितियों के अलावा मृतकों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी ली जाएगी।

मृतकों के नाम:

जलालुद्दीन खान उर्फ शहजाद खान (32), पिता- असलम खान, निवासी- राथटांड़, कतरास।
मोहम्मद शमीम अंसारी (25), पिता- हबीब अंसारी, निवासी- गुंधुसा, हरिहरपुर।
मोहम्मद अताउल्ला अंसारी उर्फ अतुल अंसारी (25), पिता- मोहम्मद मुस्लिम अंसारी, निवासी- राथटोड़, बाघमारा।
प्रतीम नोनिया (29), पिता- स्वर्गीय गणेश नोनिया, निवासी- तेलोटांड़, बाघमारा।
घायल और प्रत्यक्षदर्शी भी जांच के दायरे में
घटना में घायल हुए लोगों के परिजनों से भी टीम जानकारी लेगी। इसके अलावा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर उस रात हुए घटनाक्रम को समझने की कोशिश की जाएगी।

घटना से संबंधित वाहन जेएच-10-सीएल-0848 के चालक शंकर रवानी को भी पूछताछ के लिए सूचीबद्ध किया गया है। मामले के शिकायतकर्ता अनूप कुमार से भी जांच टीम जानकारी लेगी। जांच के दौरान यदि कोई अन्य व्यक्ति घटना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी वाला पाया जाता है, तो उससे भी पूछताछ

की जा सकती है।

तत्कालीन अफसरों से भी होगी पूछताछ
जांच की दूसरी सूची में घटना के समय धनबाद में पदस्थ रहे कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया है। इनमें तत्कालीन जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक और संबंधित थानों के प्रभारी शामिल हैं।

इसके अलावा तत्कालीन बाघमारा थाना प्रभारी, कतरास थाना प्रभारी, हर्षनपुर थाना प्रभारी और मामले के अनुसंधानकर्ता से भी घटना और उसके बाद की कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली जाएगी।

तीन CISF जवान भी सूची में
मुठभेड़ में शामिल CISF जवानों से भी NHRC की टीम पूछताछ करेगी। सूची में तीन जवानों के नाम और पहचान दर्ज हैं। इनमें CISF कांस्टेबल अरुण कुमार यादव, CISF उप निरीक्षक दिनेश शर्मा और पिंटू कुमार शामिल हैं।

चार साल बाद फिर चर्चा में बेनीडीह मुठभेड़ मामला
सितंबर 2022 की इस घटना को लेकर दर्ज मामले की जांच अब NHRC के स्तर पर आगे बढ़ने से एक बार फिर यह मामला चर्चा में है। आयोग की टीम अलग-अलग पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर घटना तथा उसके बाद की कार्रवाई की पड़ताल करेगी। जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

Source: https://www.livehindustan.com/national/story-nhrc-inspects-jharia-and-putki-areas-for-environmental-impact-and-water-quality-201790194596008.html

प्रदूषण की शिकायत पर एना पहुंची एनएचआरसी की टीम
Sep 24, 2026 01:46 am IST
By Hindustan | Bureau
हिन्दुस्तान , धनबाद

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम ने झरिया और पुटकी क्षेत्र का दौरा किया। टीम ने एना आउटसोर्सिंग परियोजना का निरीक्षण कर कोयला उत्पादन के दौरान धूल और पर्यावरण पर प्रभाव की जांच की। इसके बाद, कोल नीर जल बॉटलिंग प्लांट की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम ने बुधवार को झरिया और पुटकी क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयोग के पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं मानवाधिकार मामलों के विशेष मॉनिटर विद्या भूषण कुमार (पूर्व भारतीय वन सेवा) एवं बीसीसीएल के निदेशक (परियोजना एवं योजना) राजीव कुमार सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद रहे। आयोग की टीम ने कुसुंडा क्षेत्र स्थित एना आउटसोर्सिंग परियोजना का औचक दौरा कर कोयला उत्पादन के दौरान उड़ने वाली धूल और उससे पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभावों की जांच की। हालांकि, तेज बारिश के कारण स्थानीय ग्रामीणों से टीम की प्रत्यक्ष बातचीत नहीं हो सकी। इसके बाद टीम ने बीसीसीएल महाप्रबंधक से सघन पूछताछ की। उल्लेखनीय है कि शिमलाबहाल के ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन की अनदेखी और डस्ट प्रदूषण से फैल रही बीमारियों को लेकर आयोग से लिखित शिकायत की थी.

कोल नीर जल बॉटलिंग प्लांट का निरीक्षण
इसके उपरांत अधिकारियों ने पीबी क्षेत्र स्थित कोल नीर वाटर बॉटलिंग प्लांट का निरीक्षण किया। वहां टीम ने प्लांट की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, जल की गुणवत्ता, पैकेजिंग तथा आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों ने 'कोल नीर' पहल के तहत गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग पर विशेष जोर दिया.

टीम के सदस्य
निरीक्षण के दौरान झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय अधिकारी विवेक कुजूर, महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष जेएमपी राजीव चोपड़ा, महाप्रबंधक मिथिलेश कुमार, वरिष्ठ पर्यावरण प्रबंधक सऊद अनवर व हरीश पाल, पर्यावरण प्रबंधक मारिया अहसन, महाप्रबंधक निखिल त्रिवेदी, एजेंट संजय कुमार, रंजीत सिंह, रवि अग्रवाल, शिवम कुमार, अभिषेक कुमार सिंह और प्रवीण गुप्ता उपस्थित थे.

Prabhat Khabar, Online News, 24/09/2026

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/dhanbad/benidih-firing-nhrc-team-investigates-cisf-encounter

बेनीडीह गोलीकांड: NHRC की जांच में क्या आए नए मोड़? परिजनों के बयानों से गरमाया मामला
Author शंकर प्रसाद Edited by जितेंद्र कुमार सिंह
Updated: Wed, 23 Sep 2026 02:29 PM (IST)

बेनीडीह गोलीकांड की जांच NHRC टीम ने तेज कर दी है. परिजनों ने CISF पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है. आयोग ने घटनास्थल का जायजा लिया और विस्तृत पूछताछ शुरू की.
धनबाद. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की चार सदस्यीय टीम ने बेनीडीह गोलीकांड की जांच तेज कर दी है. डीआईजी गौरव गर्ग के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बुधवार को बाघमारा थाना क्षेत्र का दौरा कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले से जुड़े विभिन्न पक्षों से जानकारी जुटायी. टीम में डीएसपी दुष्यंत सिंह और इंस्पेक्टर यति प्रकाश शर्मा समेत अन्य अधिकारी शामिल हैं.

जांच के दौरान एनएचआरसी टीम ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ बेनीडीह स्थित घटनास्थल का मुआयना किया. इसके बाद घटना के समय ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ जवानों और अन्य संबंधित कर्मियों से विस्तृत पूछताछ की गयी. टीम ने घटना से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की जानकारी एकत्र की.

मृतकों के परिजनों के दर्ज किये गये बयान
निरीक्षण के बाद एनएचआरसी टीम ने ब्लॉक-2 क्षेत्र की हरिना कॉलोनी स्थित गेस्ट हाउस में मृतकों के परिजनों के बयान दर्ज किये. बयान दर्ज कराने वालों में मृतक प्रीतम चौहान की पत्नी सोनिया देवी, शहजादा खान उर्फ जलाउद्दीन, अताउल्ला अंसारी तथा मृतक शमीम अंसारी की पत्नी उम्मे कुलसुम शामिल थीं.

परिजनों ने आयोग के समक्ष अपनी बात रखते हुए घटना की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की. मृतक प्रीतम चौहान की पत्नी सोनिया देवी ने अपने पति को दिहाड़ी मजदूर बताते हुए न्याय की गुहार लगायी. उन्होंने सीआईएसएफ की कार्रवाई और पूर्व में हुई जांच प्रक्रियाओं को लेकर भी सवाल उठाये. यह आरोप परिजनों की ओर से लगाये गये हैं, जिनकी जांच संबंधित एजेंसियों द्वारा की जा रही है.

अधिकारियों और गवाहों से भी पूछताछ
जांच के दौरान ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब और बाघमारा एसडीपीओ अजीत कुमार विमल भी मौजूद रहे. एनएचआरसी टीम ने मामले के अनुसंधान पदाधिकारियों, घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद संबंधित अधिकारियों और कर्मियों से भी पूछताछ की.

इसके अलावा चार स्वतंत्र गवाहों से भी जानकारी ली गयी. पूछताछ के दौरान गवाहों ने घटना के संबंध में प्रत्यक्ष जानकारी नहीं होने की बात कही. टीम ने जांच से जुड़े दस्तावेजों और अब तक की कार्रवाई की भी समीक्षा की.

रिपोर्ट के आधार पर आगे होगी कार्रवाई
एनएचआरसी टीम द्वारा जुटाये गये तथ्यों, बयानों और दस्तावेजों के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जायेगी. आयोग की ओर से मामले की जांच जारी है और रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी.